## खबर संक्षेप

### 11 साल की उपलब्धि को लेकर किया गया संगोष्ठी का आयोजन



**भुआबिछिया।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान पर बूथ क्रमांक 295, 296, भीमडोंगरी में श्रद्धांजलि अर्पित कर। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण 11 साल की उपलब्धि को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अनंत सिंह राठौर जिला मंत्री भाजपा, अक्षय परते महामंत्री भाजपा मंडल मवई, धनसिंह मरावी पूर्व सरपंच लालपुर, ओमप्रकाश मरावी सरपंच भीमडोंगरी, अजय केराम, (हररा टोला) बिहारी मरकाम (हररा टोला) जगलाल यादव (खलोडी) गुरमुख तिलगाम (खलोडी) बृजलाल लाल मरावी, ईश्वर साहू, गोदीन बाई, दयावती मरावी, चेनबती मरावी, प्रमोद सोनवानी, नवीन परते, भूपेन्द्र परते, शिवम् राठौर, भाजपा देवतुल्य कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### कुलदीप ट्रेडर्स की बीज गोदाम सील, गुणवत्ता जांच जारी

**मण्डला।** किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज और मानक उर्वरक सुनिश्चित कराने की शासन की मंशा के तहत कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देश पर कृषि विभाग लगातार कृषि सेवा दुकानों का औचक निरीक्षण कर रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को एसडीओ कृषि मधु अली ने फूलसागर स्थित कुलदीप ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीज विक्रय को लेकर अनियमितता पाए जाने पर गोदाम को सील करने की कार्रवाई की गई। एसडीओ कृषि मधु अली ने बताया कि यह अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा और अनियमितता पाए जाने पर संबंधित दुकानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग के द्वारा की जा रही औचक निरीक्षण के दौरान घुघरी विकासखंड के सलवाह में बिना वैध लायसेंस के संचालित खाद-बीज की 3 दुकानों पर नियमानुसार कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान सलवाह के रामजी किराना मार्ट, जितेन्द्र ट्रेडर्स तथा सावित्री बाई चौधरी गल्ला दुकान में बिना लायसेंस के खाद-बीज का विक्रय होना पाया गया, जिस पर विक्रय प्रतिबंधित करते हुए संबंधित सामग्री की जप्ती की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान सहायक संचालक माया हितेन्द्र, चौकी प्रभारी सलवाह लक्ष्मीचंद बिसेन, कृषि विस्तार अधिकारी शैलेन्द्र सैयाम, परसराम झारिया उपस्थित थे।

## बीईओ पदस्थापना में अनियमितता पर प्राचार्य-व्याख्याता संघ का विरोध

# क्या निरस्त होंगी ये पदस्थापनायें?







*** आक्रोशित अधिकारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिले में हालिया बीईओ (विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी) पदस्थापना को लेकर शासकीय स्कूलों के प्राचार्य एवं व्याख्याता संघ ने तीव्र असंतोष जताया है। संघ ने वरिष्ठता की अनदेखी और नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर तथा सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को ज्ञापन सौंपा।

संघ का आरोप है कि नैनपुर, नारायणगंज, मोहगांव और निवास विकासखण्डों में कनिष्ठ शिक्षकों को बीईओ का प्रभार सौंपा गया है, जबकि जिले में कई वरिष्ठ एवं योग्य प्राचार्य व व्याख्याता उपलब्ध हैं। ज्ञापन में मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग तथा आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के स्पष्ट निर्देशों का हवाला देते हुए कहा गया कि बीईओ प्रभार केवल वरिष्ठता के आधार पर ही दिया जाना चाहिए, वह भी तब जब उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ प्राचार्य उपलब्ध न हों।

संघ ने मांग की है कि वर्तमान पदस्थापना आदेशों को तत्काल निरस्त कर वरिष्ठता के आधार पर नई पदस्थापनाएं की जाएं। इस संबंध में कलेक्टर ने जांच का आश्वासन दिया है और स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक किसी भी नए अधिकारी को बीईओ का चार्ज नहीं दिया जाएगा।

### ज्ञापन सौंपते समय उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी

श्रीमती कल्पना नामदेव (प्रमुख महासचिव), योगेश श्रीवास्तव (कोषाध्यक्ष), सुभाष चंद्र चतुर्वेदी (जिलाध्यक्ष), राजेश विश्वकर्मा (नारायणगंज), एस.के. जाटव, ए.एच. खान, नियमित शिक्षक संघ अध्यक्ष मुरारीलाल लंगड़े, पूर्व बीईओ श्री मालवीय, निमित्त शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद खान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


### एकतरफा आदेश से कार्य मुक्ति पर शिक्षकों में रोष


नारायणगंज विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय द्वारा 23 जून 2025 को जारी एक आदेश ने शिक्षकों और शिक्षा संगठनों में विवाद की स्थिति उत्पन्न कर दी है। आदेश के तहत उच्च माध्यमिक शिक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंगौर को बीईओ के समस्त प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों के साथ पदस्थ किया गया, जबकि तत्कालीन प्रभारी राजेश कुमार विश्वकर्मा को बिना पूर्व सूचना कार्यमुक्त कर दिया गया।

शिक्षक संगठनों का कहना है कि यह निर्णय एकतरफा और प्रक्रियाविहीन है, विशेषकर तब, जब यह मामला कलेक्टर मंडला के पास विचाराधीन है। आदेश में "प्रभारी" शब्द का उल्लेख न करते हुए सीधे बीईओ पद का दायित्व सौंपा जाना शासन की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है।

प्राचार्य एवं व्याख्याता संघ ने इसे प्रशासनिक प्रक्रिया में गंभीर चूक बताया है और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा है कि जब तक जांच पूरी न हो, तब तक किसी नए अधिकारी को प्रभार न सौंपा जाए।

यह घटनाक्रम मंडला जिले की शैक्षणिक व्यवस्था में प्रशासनिक प्रक्रियाओं की पारदर्शिता, नियमों की व्याख्या और वरिष्ठता के सम्मान जैसे मुद्दों को फिर से केंद्र में ले आया है। अब जिले के शिक्षकों सहित सभी की निगाहें जिला प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।


शासकीय शालेय व्याख्याता एवं प्राचार्य संघ
जिला मण्डला (म.प्र.)


कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी नारायणगंज जिला मंडला

//आदेश//

## इनर व्हील क्लब मंडला मेकल का इंस्टॉलेशन कार्यक्रम सम्पन्न



*** श्रद्धा तपा बनीं नई अध्यक्ष।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

इनर व्हील क्लब मंडला मेकल द्वारा आज स्थानीय होटल में भव्य इंस्टॉलेशन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके रहीं, जिन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उपस्थित सदस्यों को प्लास्टिक मुक्त भारत एवं महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस गरिमामयी अवसर पर क्लब की नई अध्यक्ष श्रद्धा तपा को विधिवत कॉलर पहनाकर पदभार सौंपा गया। साथ ही, नए सत्र के अन्य पदाधिकारियों को भी कार्यभार सौंपा गया, जिनमें सचिव सुनीता पमनानी, कोषाध्यक्ष रुबी तपा, आई.एस.ओ. प्रिया पमनानी और एडिटर आरती बृजपुरिया शामिल हैं।

समारोह में क्लब की नव शामिल सदस्यों का भी हर्षपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की सक्रियता, सेवा भावना और समाज के प्रति प्रतिबद्धता विशेष रूप से देखने को मिली।

इस अवसर पर क्लब की सदस्याएं श्रद्धा तपा, सुनीता पमनानी, मोना जैन, रूबी तपा, आरती ब्रजपुरिया, गीता कल्पीवार, अनु चौरसिया, आरती तिवारी, रिया तपा, कमला बानी, सरिता इसरानी, अनिता चंद्रोल, कविता गुप्ता, अनुराधा चौरसिया, प्रिया पमनानी, किरण पमनानी, दीपा खंडेलवाल, जाया सराफ, अनिता गोयल, तृप्ति गोयल, अनिता राय, त्रिवेणी पटेल, सीमा ज्योतिषी, वंदना पटेल, अंकिता केशवानी, अंजुलता मरावी, निहारिका उइके, अल्का जैन एवं कंचन छत्री प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में पूर्व अध्यक्ष मोना जैन ने सभी अतिथियों, सदस्यों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन सेवा, सहयोग और संगठन की भावना को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### रानी दुर्गावती बलिदान दिवस आज, रेवांचल पार्क के सामने सुबह 9 बजे आयोजन............

**मण्डला।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुसार रानी दुर्गावती एवं राजा शंकरशाह, राजा रघुनाथशाह का बलिदान दिवस शासकीय स्तर से मनाए जाने के अनुक्रम में आज 24 जून को रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस रेवांचल पार्क के सामने सुबह 9 बजे मनाया जायेगा। यह बलिदान दिवस उनके शौर्य को समर्पित है जब उन्होंने मुगल शासकों के खिलाफ युद्ध में अपने प्राणों की आहूति दी थी।

## सहायक प्राध्यापक गणित बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर सोनम नेवले का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




नगर के होनहार प्रतिभा सुश्री सोनम नेवले का म.प्र. लोक सेवा आयोग में सहायक प्राध्यापक गणित चयनित होने के बाद प्रथम गृह आगमन पर बैण्ड बाजों फुल माला आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। सर्व प्रथम सरस्वती शिशु उच्च विद्यालय के सभा भवन में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सोनम और उनके माता-पिता रवि नेवले श्रीमती अंजू नेवले का भव्य स्वागत किया गया। सर्व प्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन किया गया। जग मण्डल बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू और शिशु मंदिर के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण मिश्र ने साल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सरस्वती शिशु मंदिर की पूर्व छात्रा सोनम नेवले का स्वागत को सम्मानित किया गया। स्वागत समारोह में उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अरुणा दीक्षित, पत्रकार सुनील गर्ग, अशोक वाजपेई, प्रमोद गुप्ता, श्री हरदहा आदि सम्बोधित कर सोनम की सफलता पर बधाई प्रेषित की। स्वागत कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ पीएल दीक्षित, शिव कुमार साहू, रामकिशोर सोनी, यशवंत बजाज, राम बहोरी पटेल, राजकिशोर अग्रवाल शिक्षक तेज लाल राय, गुलाब जंघेला, भुवन श्रीवास, विनोद गुप्ता प्रमोद गुप्ता, श्री पन्द्रे, संतोष पाण्डेय, श्रीमति दीपा मिश्रा, सुषमा श्रीवास, धनेश्वर गोस्वामी सहित सैकड़ों मातृ शक्तियो ने सोनम बिटिया का स्वागत किया। सोनम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया।

**आयोजन** | **डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि।**

# मुखर्जी नहीं चाहते थे भारत का विभाजन

*** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




23 जून को जिला भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर श्री मुखर्जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा पर आधारित था। वे मानते थे कि भारत केवल एक राजनीतिक सत्ता नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक इकाई है जिसकी आत्मा सनातन भारतीय परंपराओं में निहित है। मुख्य वक्ता रोचीराम गुरवानी ने कहा कि मुखर्जी जी का मानना था कि सभी भारतीय चाहे उनकी भाषा जाति या धर्म कुछ भी हो एक साझी संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं। उन्होंने शिक्षा राजनीति समाज और संस्कृति के सभी क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे वर्ष 1929 में बंगाल विधान परिषद के सदस्य बने और 1934 से 1938 तक कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति भी रहे। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि आज हम सब यहां एक महान राष्ट्रभक्त दूरदर्शी नेता आदर्श शिक्षाविद् और हम सब के प्रेरणास्त्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्र हुए हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक ऐसी परम पुण्यात्मा हैं जिन्होंने देश में दो निशान दो विधान और दो प्रधान के कानून को ठुकराते हुए अखंड भारत के लिए 23 जून 1953 को अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। 23 जून को न केवल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के रूप में मनाया जाता है बल्कि संविधान से अनुच्छेद 370 को हटाने के संकल्प दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक विचारधारा के लिए अपना पूरा जीवन लगाया। वे कभी सत्ता पर बैठने के लिए नहीं आए थे। वे अनेक बार सत्ता में आए और हमेशा विचारधारा के लिए सत्ता का त्याग भी किए थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत का विभाजन नहीं होने देना चाहते थे। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि बंगाल के हिंदुओं के हितों की उपेक्षा नहीं की जाए। उनके प्रयासों से हिंदुओं के हितों की रक्षा हुई और कोलकाता बंदरगाह भी पूर्वी पाकिस्तान को सौंपे जाने से बच गया था। कार्यक्रम पश्चात मुखर्जी जी की स्मृति में भाजपा कार्यालय मंडला में वृक्षारोपण किया गया।





## खबर संक्षेप

### स्कूल में शादी का कार्यक्रम करने की बात को लेकर की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम अजंसरा निवासी शिवम पिता पप्पू याद उम्र 24 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि की बीते हुये दिवस में अपने मामा दीपक यादव की शादी में उनके घर गया हुआ था जहां स्कूल में मामा की शादी के भोजन का कार्यक्रम चल रहा था उसी समय गांव का छगन जाटव आया और बोला की यादव लोग गांव के सरकारी स्कूल में खाने का कार्यक्रम क्य कर रहे है। इसी बात को लेकर छगन जाटव गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते हुये प्रार्थी को धक्का दिया गया जिसके चलते प्रार्थी को चोटे आई। उसी दौरान कुछ लोग पहुंच गये जिन्होंने बीच बचाव किया गया। प्रार्थी का कहना है कि आरोपी जाते जाते बोलकर गया है आज तो बच गया अब मिलेगा तो जान से खत्म कर दूगा। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बीड़ी माचिस ने देने पर की मापीट

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली ज्ञानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम मिढवानी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने चाचा आशीष बड़कुर के साथ गाडरवारा शादी समारोह में शामिल हो रहा था। इसके बाद जब दोनों वापिस अपने गांव जा रहे थें तो गोल्ड सिटी के पास रूककर स्प्राईट पीने लगे। उसी दौरान एक मोटर साईकिल पर तीन लड़के आया और बीडी माचिस मांगने लगे जब प्रार्थी ने कहा कि हमारी पास बीडी माचिस नही है तो गंदी गंदी गालिया देने लगे प्रार्थी द्वारा जब गाली देने से मना किया तो मारपीट करने लगे जब प्रार्थी के चाचा द्वारा बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उनका मोबाईल पत्थर पर पटकते हुये क्षमित पहुंचाई। वही प्रार्थी का कहना है कि जाते जाते जान से मारने की धमकी द गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।


### पुत्र ने पिता को पिंचिस मारकर चोट पहुंचाई

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के माता वार्ड निवासी एक पिता ने अपने पुत्र के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये जब वह जब अपने घर पर बैठा हुआ था उसी दौरान लडका गोविंद जाटव आया और प्रार्थी की पत्नी यानि की माँ को घर से भगाने लगा तथा घर का ताला तोड़ने का प्रयास करने लगा। प्रार्थी द्वारा जब ताला तोड़ने से मना किया तो आरोपी पुत्र द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये पिंचिस से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पीड़ित पिता की शिकायत पर आरोपी पुत्र के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

अनेक हितग्राहियों को समय पर आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से जिन्दगी को पैदा हो रहा खतरा, कच्चे मकानों की दीवारों को लकड़ी का सहारा देते हुये काट रहे जिन्दगी...

# गर्मी का मौसम तो किसी तरह लगभग कट ही गया, मगर बारिश का सीजन इन गरीबों को काटना हो जायेगा मुश्किल

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस सोच के चलते देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुये प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की गई थी यदि यह योजना गफलत बाजी की भेंट चढ़ने से बच जाती तो निश्चित तौर इस योजना के सही हकदार है उनके कच्चे मकानों को सूरत बदलने में देर नही लगती। मगर जिस प्रकार से इस योजना को नगर परिषदों से लेकर ग्राम पंचायतों में क्रियान्वयन किया जा रहा है उसके चलते इस योजना के सही हकदार आज भी अपने कच्चे मकानों की दीवारों को लकड़ी का सहारा देते हुये अपनी जिन्दगी दाव पर लगाकर जिन्दगी काटते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर जो साधन संपन्न होने के साथ साथ जिनके पूर्व से पक्के मकान बने हुये है। वह लोग अधिकारियों की मिली भगत के चलते इस योजना का लाभ लेकर अपनी हबेलियाँ तानने से नही चूक रहे है..? इस प्रकार की सच्चाई पीतल नगरी चीचली से लेकर क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है। जहां पर इस योजना के वास्तविक हकदार माने जाने वाले गरीबों के कच्चे मकान आज भी जर्जर स्थिति में होने के कारण उनमें निवास करने वालों की जिन्दगी दाव पर लगने से नही बच पा रही है। जबकि जिन लोगों को अभी तक यहां पर इस योजना का लाभ मिला है।यदि उनकी जांच कराई जावे तो निश्चित तौर से इस प्रकार के अनेक लोगों की सच्चाई सामने आने से नही चूक पायेगी जिनके पास पहले से ही पक्के मकान होने के साथ साथ उनके परिवारजनों के पास सभी प्रकार के साधन उपलब्ध होने के बाद भी अधिकारियों की कृपा दृष्टि कही जावे या फिर भाई भतीजावाद की देन जिसके चलते उनके मकान हबेली का रूप धारण कर चुके है..? इस सच्चाई को देखते हुये अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्षेत्र के गरीबों द्वारा गर्मी का मौसम तो किसी तरह लगभग



काट लिया गया है मगर अब बारिश का मौसम इस तरह जर्जर स्थिति में पहुंच चुके कच्चे मकानों में काटना निश्चित ही खतरे से खाली नही है। क्योंकि बारिश का दौर शुरू हो चुका है और चंद दिनों बाद झमाझम बारिश का नजारा देखने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता हैं..? केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधनमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना का मुख्य उद्वेश्य यह है था कि जिन गरीबों के पास कच्चे मकानों में रहते हुये अपनी व अपने बच्चों की जिन्दगी को खतरा पैदा हो रहा है उन लोगों को प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बनाकर देना है। जब इस योजना की शुरूआत हुई तो निश्चित तौर से गरीबों के चेहरों में इस तरह की खुशी देखने मिल रही थी जिसका वर्णन करना संभव नही हो सकता है? मगर इस योजना के क्रियन्वयन में जिस तरह की कार्य प्रणाली अपनाई जा रही है उसके चलते जो इस योजना के सही हकदार है वह तो इस योजना को शुरू हुये लगभग पांच साल से भी अधिक का समय बीते जाने के बाद भी अपने मासूम बच्चों की जिन्दगी को खतरे में डालते हुये कच्चे मकानों में निवास करते हुये देखे जा रहे है। मगर दूसरी ओर जो लोग साधन संपन्न होने के साथ साथ पूर्व से ही पक्के मकान बने हुये थें वह जरूरी इस योजना के हकदार बनते हुये अपने मकानों को हबेलियों का रूप देने से नही चूक रहे है? यदि बीते हुये पांच वर्ष के दौरान अभी तक इस योजना का लाभ लेने वालों की सच्चाई की निष्ठा के साथ जांच कराई जावे तो निश्चित तौर से चौकाने वाले परिणाम सामने आने से नही चूक पायेगे? नगर परिषदों से लेकर ग्राम पंचायत में बैठे हुये जनप्रतिनिधियों के साथ साथ प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से इस तरह के लोगों को आवास योजना में शामिल करते हुये लाभ प्रदान किया गया है। वह इस योजना को लाभ लेने के कोसो दूर तक हकदार नही माने जा सकते है? केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुये शुरू की गई इस जनहितैषी योजना की मलाई खाने के लिये अनेक प्रभावशाली लोगों द्वारा एक ही परिवार के होने के बाद भी अलग अलग नामों से इस योजना का जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मिलीभगत के चलते लाभ उठाकर जहां अपने पूराने मकानों का निर्माण करने की जगह उन्हे रंग रोगन कराते हुये लाभ लिया गया है तो कुछ लोगों द्वारा एक परिवार से चार चार नाम शामिल कर मकान को हबेली के रूप में बना लिये गये है। जबकि प्रधान मंत्री आवास योजना के नियम के अनुसार स्वीकृत होने वाले आवास का हर हितग्राही के नाम पर अलग अलग निर्माण होना चाहिये था, जिसमें आवास का निर्माण पूर्ण होने के बाद हितग्राही का नाम अंकित होना चाहिये। मगर फर्जी तरीके से लाभ लेने वालों परिवारों द्वारा एक ही परिवार में अलग अलग नाम पर राशि लेकर बनाये गये आवासों की जांच हुई तो निश्चित तौर से अपात्र होने के बाद भी इन्हे पात्र की सूची में सामिल करते हुये लाभ दिलाने वाले अधिकारियों का चेहरा सामने आने से नही बच पायेगा? वही दूसरी ओर इस योजना के कुछ हितग्राही तो इस तरह से भी मिल सकते है जिनको शासन द्वारा आवास निर्माण के नाम पर प्रथम किस्त प्रदान करते हुये उनके पुराने आवासों को तोड़वा दिये गये है। मगर दूसरी या फिर तीसरी किस्तों को प्रदान करने में बरती जाने वाली कोताही के चलते उनके आवास जहां अंधूरे पड़े हुये देखने मिल रहे है। वही कुछ लोग इस तरह से भी मिल सकते है जिन्होने योजना का लाभ लेने के लिये अपने पहले ही बने हुये मकानों की फोटो के माध्यम से राशि प्राप्त करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है...? इस स्थिति में अनेक गरीब जहां पन्नी के झोपड़ी बनाते हुये अपना समय काट रहे है तो अनेक लोग किराये के मकानों में रहते हुये योजना का लाभ पाने में घर बैठे कर्जदार बनते चले जा रहे है? प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता का परिणाम है कि हितग्राहियों को आवास योजना की किस्तों का समय पर भुगतान नही होने के कारण जिन लोगों के आवास अधूरे पड़े हुये है उन्होने गर्मी का सीजन तो किसी भी प्रकार से काट लिया है। मगर अब उन्हें बारिश का सीजन काटना निश्चित तौर से मुश्किल होने से नही चूक पायेगा? क्योंकि पन्नी द्वारा बनाई गई झोपडी में अपना समय काटने वाले गरीब चार माह के लिये खाने पीने का सामन कैसे सुरक्षित रख पायेगे और जब घनघोर बारिश को दौर शुरू होगा तो पन्नी के भरोसे उनकी राते कैसे कट पायेगी?

## सर्व प्रजापति समाज द्वारा किया गया मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जब किसी समाज की छात्र हो या फिर छात्रा अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त करते है तो माता पिता में खुशी तो देखने मिली है। मगर समाज का नाम रोशन होने से नही चूकता है। इसी के चलते समाज द्वारा भी इस तरह समाज का नाम रोशन करने वाले बच्चों कपर गर्व महसूस करने से नही चूकती है। इसी के चलते बीते हुये दिवस प्रजापति समाज द्वारा नगर के एक होटल में कक्षा दसवीं एवं 12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । बताया जाता है कि यह यह आयोजन सर्व प्रजापति समाज एवं सहयोगी संगठन के माध्यम से किया गया जिसमें नरसिंहपुर, रायसेन, सागर, होशंगाबाद जिले के छात्र-छात्र एवं उनके अभिभावक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। वही इस दौरान प्रमुख रूप से



मंच सीन अतिथि कार्यक्रम संरक्षक परमानंद राज प्रजापति व कार्यक्रम अध्यक्ष रामदास प्रजापति, उपाध्यक्ष गोविंद प्रजापति, महासचिव धनराज प्रजापति एवं सचिव गणेश प्रजापति पत्रकार मौजूद रहे। इस दौरान प्रतिभावान छात्राओं को शील्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुये सम्मानित किया गया। इस मौके पर कक्षा दसवीं के 22 छात्र छात्राएं एवं 12वीं के 19 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थें। गणित विषय में प्रियांशी प्रजापति 88% एवं इशा प्रजापति 87 प्रतिशत एवं अंशुल प्रजापति 85% कॉमर्स विषय में चंद्रशेखर प्रजापति 91% एवं श्रद्धा प्रजापति 28% जितेंद्र प्रजापति 82% 8 विषय में साक्षी प्रजापति 92% भगवती प्रजापति बने प्रतिशत एवं उषा प्रजापति 79% के साथ प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान मुस्कान मालवीय 96% एवं द्वितीय स्थान रानी प्रजापति95% तथा तृतीय स्थान ऋषिका प्रजापति 94% ने प्राप्त करने पर मंचाशीन अतिथियों एवं सभी वरिष्ठ जनों ने समाज के इन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

## उल्लास नवभारत साक्षरता का प्रशिक्षण सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज/ चीचली।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बीते सोमवार को जनपद शिक्षा केंद्र चीचली में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस मौके पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक के आलवा अकादमिक समन्वयक एवं विकास खंड सह समन्वयक के द्वारा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त संकुल प्राचार्य, समस्त जन शिक्षा केंद्र प्रभारी, जन शिक्षक एवं जन शिक्षा केंद्र सह समन्वयक को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित विकास खंड शिक्षा अधिकारी नीलम मरावी के द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को कैसे गति देना है और असाक्षरों को साक्षर बनाना है। इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश देते हुए साक्षरता को सफल बनाने हेतु रणनीति के तहत कार्य करने के निर्देश दिए गये। वही विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल द्वारा उपस्थित सभी लोगों को निर्देश दिया गया कि अपने नजदीकी सामाजिक चेतना केंद्र के नोडल अधिकारी के द्वारा शेष रहे असाक्षरों का सर्वे करवाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीयन किया जावे। इसी प्रकार से बीएसी अरुण दुबे द्वारा बताया गया कि सामाजिक चेतना केंद्र के अंतर्गत अध्ययन केंद्रो का संचालन नियमित रूप से किया जावे एवं आगामी समय में होने वाली परीक्षा की तैयारी के साथ असाक्षरों को साक्षर किया जावे ।नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड सह समन्वयक लेखराम गौतम के द्वारा पीपीटी के माध्यम से एक दिवसीय प्रशिक्षण सरल एवं सहज तरीके से दिया गया।

## शिक्षाविद गिजु भाई बधेका की पुण्य तिथि पर स्कूल में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** सोमवार को शिक्षक संदर्भ समूह के आहवान पर शिक्षाविद गिजु भाई बधेका की पुण्य तिथि स्कूलों में मनाई गई। बताया जाता है कि इस अवसर पर उनकी पुण्य तिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाते हुए ग्राम पाली की शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक सिराज अहमद सिद्धिकी, शिक्षक ब्रजेश श्रीवास ने बच्चों के साथ पर्यावरण की रक्षा




का संदेश देते हुये पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सिद्धिकी ने कहा कि हमने हमारे विद्यालय को गिजु भाई के सिद्धांतो के अनुरूप आनंद घर में तब्दील किया है। बच्चों को खेल खेल में नित नये नवाचारो के साथ हम सभी शिक्षा दे रहे है। इसी क्रम में क्षेत्र के ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में गिजु भाई के स्मृति दिवस पर बाल संसद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने छात्र छात्राओं को गिजु भाई की जीवनी से अवगत कराते हुए उनसे मेरे सपनों का विद्यालय विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने को कहा गया। छात्रा लक्ष्मी केवट एवं छात्र पवन केवट ने बेहतर ढंग से विचारों की प्रस्तुति दी गई। क्षेत्र के ग्राम देवरी मिढवानी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में भी शिक्षक कृष्णकांत कौरव ने बच्चों से संवाद कर गिजु भाई के व्यक्तित्व से जुडी जानकारी दी गई।

## गांव में कीचड़ का साम्राज्य, स्वर्णिम मप्र बनने के सपने पर लग रहा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र में बैठी सरकार द्वारा ग्रामों के विकास के लिए मनमानी धनराशि भेजकर उनकी सूरत बदलने की सोच बनाये हुए है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि धन राशि खर्च होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति नही बदल पाने के कारण जहां देश के मुखिया द्वारा देश को स्वच्छ बनाने के सपने पर पंचायतों में बैठे जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा ग्रहण लगाया जा रहा है? वही दूसरी ओर क्षेत्र की अनेक पंचायत की उदासीनता के चलते ग्रामवासियों को बदहाल स्थिति में जीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक ग्राम पंचायतों में देखने मिल रही है? बताया जाता है कि शासन द्वारा ग्राम पंचायत में सड़को के निर्माण सहित अन्य कार्यो के लिए काफी मात्रा में धनराशि खर्च की गई है, जिसके खर्च होने के बाद भी आज गांव की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि लोगों को घुटना घुटना कीचड़ के बीच से गुजरना पड़ रहा है। इस प्रकार से गांव में कीचड़ का साम्राज्य स्थापित होने के कारण जहां जनप्रतिनिधियों की कार्य शैली पर सबाल खड़े हो रहे है। वही दूसरी ओर जनपद में बैठे अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध बनने से नही चूक पा रही है? क्योंकि पंचायत के विकास कार्यो में हो रही गफलत बाजी की शिकायत जब अधिकारियों से की जाती है तो उनके द्वारा भी शिकायतों को नजर अदांज करते हुए अनदेखी कर दी जाती है, जिसके चलते जहां आम लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। वही दूसरी ओर प्रदेश को स्वच्छ बनाने का देश के मुखिया के सपने को भी अधिकारियों की मिली भगत से पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों द्वारा पलीता लगाया जा रहा है।

## इस तरह की गलती देती है घटनाओं का अंजाम दोष दिया जाता है कि सरकार पर



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि रेल्वे स्टेशन पर जब कोई ट्रेन खड़ी होती है और लोग जल्दी निकलने के चक्कर में अपने बच्चों सहित ट्रेन के नीचे से निकलने लगते है या फिर वह उसके सामने से ही निकलने लगते है..? कभी कभी स्थिति तो यह तक देखी जाते हे कि जब ट्रेन धीमी गति से निकलती है तो लोग अपने बच्चों के साथ उसके सामने निकलने से तक बाज नही आते है। वही स्टेशनों के इर्द गिर्द सामन बेचने वाले बच्चों को भी अक्सर देखा जाता है कि वह अपना समान जल्दी बेचने के चक्कर में जब ट्रेने खड़ी होती है तो दूसरी ओर से समान बेचने के चक्कर में अपनी जिन्दगी को पूर्णरूप से खतरे में डाल देते है। इस स्थिति में कभी भी कोई हदासा घटित होने से इंकार नही किया जा सकता है..? यदि गौर किया जावे तो मगर एक बार की उनकी यह गलती बच्चों की आदत में सदा बन जाती है, और यही गलती उन मासूम बच्चों की जिन्दगी के लिए एक दिन खतरा बन जाती है, मगर इसके लिए दोषी कौन होता है? इसके जिम्मेदार भी हम ही होते है। क्योंकि इस प्रकार की गलत आदते हमें ही डालते है। इस लिए सभी बच्चों के अभिभावकों को इस प्रकार गलत आदतों से बच्चों को रोकना चाहिये। मगर धन के लालच में इस सच्चाई को नजर अंदाज किये जाने के बाद जब घटनाये घटित हो जाती है तो दोष सरकार के देने से नही चूकते है....।

## निजी शालाओं में सुविधाओं की कमी, शिक्षित बेरोजगारों का धडल्ले से हो रहा शोषण फिर भी प्रशासन मौन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में शिक्षा के नाम पर लोगों द्वारा जिस प्रकार से दुकानदारी चलाई जा रही है उससे बच्चों का भविष्य बनना कम और स्कूल संचालको का निजी स्वार्थ कुछ ज्यादा ही नजर आ रहा है..? क्योंकि शहर के साथ साथ ग्राम क्षेत्रों में दिन दिन गाजर घांस की तरह ऊंग रही शिक्षण संस्थाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह स्कूल शिक्षा विभागों के नियमों के विरूद्ध स्थापित सुविधाहीन शालायें शिक्षा के नाम पर व्यवसाय करने में जुटी हुर्इ हैं..? इस प्रकार के विद्यालयों में मूलभुत सुविधाओं अलावा विशेषज्ञ शिक्षकों एवं खेल मैदानों का अभाव एक विकट समस्या बना हुआ है। जिसका प्रभाव छात्रों पर पड़ रहा है। वही शहर में स्थापित निजी शालायें मात्र शिक्षा की दुकान बनकर रहते हुये नजर आने से नही चूक रही हैं..? ऐंसी दुकाननुमा शालाओं की शिक्षा हमारे होनहारों पर क्या असर छोड़ेगी इससे सभी अंजान नहीं हैं। शिक्षा की दुकान बनी निजी शालाओं को बढ़ावा देने में पालक भी कम दोषी नहीं हैं क्योंकि वे जानबूझकर निजी शालाओं के आकर्षण में पड़कर बच्चों का दाखिला करवा देते हैं और बाद में पछताते हैं। इस समय नगर के आलवा ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जावे तो ऐसी अनेक शिक्षण संस्थायें हैं जहाँ पर मात्र कक्षा 10 वीं से 12 वीं पास युवक युवती अल्प वेतन मानदेय पर शिक्षक के रूप में सेवाये देकर बेरोजगारी के समय में शोषित होते हुये दिखाई दे रहे है। इन निजी शालाओं में ना तो छात्र-छात्राओं को पीने के लिये शुद्ध पेयजल, पेशाबघर, शौंचालय, खेल मैदान व बैठने के लिये हवादार कमरे भी नहीं हैं। नगर में ऐसी कई शालायें तो किराये के रहवासी मकानों में संचालित होते हुये देखाई देने के बाद भी शिक्षण संस्थाओं के संचालको द्वारा पालकों से सभी व्यवस्थाओं के नाम पर मनमानी फीस वसूल रहे हैं। वही कुछ स्कूलों के संचालको



बात करे तो वह गांव में इस प्रकार से अग्रेजी स्कूलों का संचालन कर रहे है, जिन्हे खुदे तो अग्रेजी आती नही है और वह बच्चों को शिक्षा देने वाले शिक्षकों का संचालन करने बैठे हुए है..? क्या इन स्कूलों में बच्चों द्वारा दी जाने वाली फिस के मुताबिक पढ़ाई हो पायेगी। पालकों को चाहिये कि वे शिक्षण सत्र शुरू होने के पूर्व अपनी जागरूकता का परिचय देते हुये पूर्ण नियम कानून से चलने वाली शालाओं में ही अपने बच्चों को प्रवेश दिलाये जिससे उनका भविष्य सँवर सके तथा शिक्षा विभाग से अपेक्षा की जाती है कि गाजर घास की तरह उग रही इन शिक्षण संस्थाओं की जाँच करे जो नियमों को दर किनार करके जेबें भरनते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है। ,विदित हो कि शिक्षण संस्थाओं में बच्चों को खेलने के लिये निश्चत भूखंड का मैदान होना जरूरी है किंतु यहाँ जो देखने में आ रहा है उससे स्पष्ट रूप से लग रहा है कि शिक्षण संस्थाओं के नाम पर मात्र पैसा कमाया जा रहा है। इस तरह किराये के मकानों में संचालित होने वाली अग्रेजी माध्याम की एक संस्था का तो यह है हाल है कि ग्रामीण क्षेत्रों से बच्चों वाहन सुविधा के नाम पर पैसा लिया जा रहा है,और उसी वाहन में खुलेआम दिन भर सवारी ढोते हुये दिखाई देने से नही चूकती है। सच्चाई यह है कि उन्ही के साथ बच्चों को भी भेड़बकरी की तरह बैठाकर घर पहुंचा दिया जाता है। यदि इस प्रकार की संस्थाओं की ईमानदारी से जांच हो जावे तो फीस बसूली जाती है उतनी सुविधाएं नजर नही आ रही है। इस तरह निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा की जाने वाली मनमानी को प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किये जाने वाले संरक्षण के चलते पुनः बडे स्तर पर फिर शुरू करने की तैयारियों में जुटे हुये दिखाई देने लगे है।

## महाविद्यालय मुख्य मार्ग पर आये दिन गिट्टी बिखरने से घटित हो रही घटनाओं में घायल हो रहे लोग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र की सड़को पर ओवर लोडिंग दौड रहे वाहन तथा सड़क किराने पड़े हुई निर्माण सामग्री के चलते प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम निश्चित तौर से उन वाहन चालकों को भोगने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है जो उन मार्गो से अपने वाहन लेकर निकलते है। जिसमें मुख्य रूप से देखा जावे तो क्षेत्र मुख्य सड़क जो गाडरवारा से कौड़िया या फिर पिपरिया की ओर जाती है यह राष्ट्रीय स्तर का मार्ग होने से यहां पर 24 घंटे वाहनों की धमाचौकड़ी मची हुई देखी जा रही है और उसी मार्ग के किनारे हमारे नगर का पीजी कालेज भी स्थित है। इस तरह यहां से निकले वाले गिट्टी व मिट्टी सहित रेत को ओवर लोड्गि भरकर ले जाने वाले डम्फरों की स्थिति इस तरह बनी रहती है कि जब वह इस मार्ग से तेज गति में दौड़ते हुये जाते है तो गिट्टी मुख्य मार्ग पर गिरने से नही चूकती है तो दूसरी ओर सड़क के किनारे रखे रहने वाली गिट्टी भी लगातार फैलते हुये मुख्य मार्ग पर पहुंच जाती है जो आये दिन वाहन चालकों के लिये परेशान का कारण तो बनती ही रहती है। मगर सबसे अधिक परेशानी महाविद्यालय के उन छात्र छात्राओं को उठाना पड़ती है जो अपनी बाइक के माध्यम से कालेज जा रहे होते है और इस तरह मुख्य मार्ग पर पड़ी हुई गिट्टी में उनक बाइक स्लिप होने के कारण दुर्घटना का शिकार हो जाती है। इस सच्चाई की ओर क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि ओवर लोड्गि करते हुये इस तरह की सामग्री ले जाने वाले डम्फर चालकों को हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे है।

## नवजात शिशु की मां को छुट्टी होने से पहले ही जारी करना होगा शिशु का जन्म प्रमाण पत्र

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रसव के बाद अस्पताल से माँ की छुट्टी होने से पहले ही नवजात शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र जारी हो जाए। मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) एवं आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी मध्यप्रदेश ऋषि गर्ग ने इस आशय के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। पंजीकरण प्रक्रिया को सुगम और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के अपने प्रयास में, भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय ने नागरिक पंजीकरण प्रणाली में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 में संशोधन, राज्य जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण नियमों में संगत संशोधन, एक नए केंद्रीय सीआरएस पोर्टल का विकास आदि शामिल हैं। जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह समय की मांग है कि यह प्रमाण पत्र नवजात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाए, खासकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां कुल संस्थागत जन्मों में से 50 प्रतिशत से अधिक होते हैं। जन्म प्रमाण-पत्र अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। राज्य शासन के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा अस्पताल में ही नवजात शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के लिये दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इससे जन साधारण को अपने शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

## जल जनित, खाद्य जनित एवं वैक्टर जनित रोगों से बचाव एवं उपचार के लिए एडवाइजरी जारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसमुदाय के लिए वर्षा ऋतु में जल जनित, खाद्य जनित एवं वैक्टर जनित रोगों से बचाव, निदान एवं उपचार के लिए एडवाइजरी जारी की गई हैं। दूषित खाद्य पदार्थों से संभावित रोग के नियंत्रण हेतु खाना पकाने वाले पेयजल को उबालकर उपयोग किया जाए एवं खाद्य पदार्थों को ढक कर रखा जाए। शौच के पश्चात हाथों को साबुन-पानी से धोया जाए एवं मलमुत्र के सुरक्षित निपटान को सुनिश्चित किया जाए। घरेलु पेयजल के शुद्धिकरण हेतु 1/8 चाय के चम्मच (0.75 एमएल) ब्लिच से लगभग 4 लीटर पानी की शुद्धि की जा सकती है। ऐसे पानी को लगभग 30 मिनट उपचारित करने के पश्चात उपयोग किया जाए। यदि पेयजल गंदला/मटमीला हो तो 1/4 चाय के चम्मच (0.25 एमएल) ब्लिच से लगभग 4 लीटर पानी की शुद्धि की जा सकती है।

# जंगल में खेत बना रहे थे ग्रामीण वन विभाग ने साफ की जमीन

**डिंडौरी में वन भूमि पर चला बुलडोजर, 20 से अधिक अतिक्रमण हटे**

**झोपड़ी, खेत, तारबाड़ हटे वन विभाग ने लौटाई जंगल की ज़मीन**

सामान्य वनमंडल डिंडौरी अंतर्गत पश्चिम करंजिया वन परिक्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अतिक्रमण को हटाने हेतु वन विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई।





हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।

यह कार्रवाई ग्राम बरेझर एवं कुटलाहो के मध्य वन कक्ष क्रमांक 728, 732, 736, 744 में की गई, जहां 20-25 लोगों द्वारा वन भूमि पर झोपड़ी डालकर और बांस से अस्थायी संरचनाएं बनाकर अवैध खेती की जा रही थी। इस अतिक्रमण से वन विभाग की 122.16 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हो रही थी।

सूत्रों के अनुसार, वन विभाग को लगातार इस क्षेत्र में अवैध कब्जे की जानकारी मिल रही थी। अतिक्रमणकारी धीरे-धीरे जंगल के भीतर गहराई तक घुसते जा रहे थे और स्थायी खेती की तैयारी कर रहे थे। इस पर वनमंडलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

निर्धारित योजना के तहत सोमवार को सुबह 5 बजे से कार्यवाही की शुरुआत हुई, जिसमें पश्चिम करंजिया की परिक्षेत्र अधिकारी प्राची मिश्रा के नेतृत्व में गठित टास्क फोर्स, पुलिस बल, राजस्व अमला, तहसीलदार, वन विभाग का स्टाफ तथा मशीनी संसाधनों जैसे जेसीबी व ट्रैक्टर की मदद से संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया।

कार्यवाही के प्रारंभ में अतिक्रमणकारियों ने विरोध करने का प्रयास किया और मौके पर हल्का तनाव भी उत्पन्न हुआ, लेकिन प्रशासनिक टीम की दृढ़ता और पुलिस बल की मौजूदगी के कारण विरोध प्रभावी नहीं हो सका। वन विभाग की टीम ने शांतिपूर्ण ढंग से कार्यवाही को अंजाम दिया।

करीब 10 घंटे चली इस सघन कार्यवाही के बाद कुल 122.16 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त करवा लिया गया। अतिक्रमणकारियों द्वारा बनाए गए सभी अस्थायी निर्माण, झोपड़ियां, तारबाड़ व खेती योग्य संरचनाएं हटाई गईं और भूमि को पुनः वन विभाग के आधिपत्य में ले लिया गया।वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम करंजिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई पूर्ण रूप से नियमानुसार और शांतिपूर्ण ढंग से की गई। विभाग भविष्य में भी ऐसे अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रखेगा।

इस कार्रवाई को वन विभाग द्वारा एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जो न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि वन भूमि की सुरक्षा और गैरकानूनी कब्जों के खिलाफ एक सख्त संदेश भी है।

# समय-सीमा बैठक में योजनाओं की प्रगति पर फोकस, लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी



हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में राजस्व, खनिज, कृषि, खाद्य, पर्यटन, शिक्षा, महिला बाल विकास, पंचायत, वन, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर ने समस्याओं के शीघ्र और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और जल गंगा अभियान पर विशेष चर्चा**

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, सीएम हाउस से प्राप्त शिकायतों, जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पीएमजीएसवाय सड़कों के किनारे वृक्षारोपण, सिटी फॉरेस्ट डेवलपमेंट और जिला पंचायत की स्थापना शाखा में लंबित मामलों पर गंभीरता से निर्देश दिए। विद्युत और नगर परिषद को दिए स्पष्ट निर्देश बरसात पूर्व विद्युत विभाग को झूलते तारों और तिरछे खंभों की मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। वहीं, नगर परिषद को नियमित सफाई, डिवाइडर के पौधों की देखरेख, नालियों की सफाई और पेयजल व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए। निर्माण कार्यों की तय समय में पूर्णता पर जोरप्रगतिरत निर्माण कार्यों को 30 जून तक हर हाल में पूर्ण करने को कहा गया। अवैध शराब बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करते हुए डिंडौरी तहसीलदार को नियमित छापेमारी करने के निर्देश दिए गए। भंडारण केंद्रों की जांच और छात्रावास उपस्थिति पर सख्ती म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के भंडारण केंद्रों में रखी खाद्य सामग्री की जांच हेतु 7 सदस्यीय समिति गठित की गई, जो 2 दिन में रिपोर्ट देगी। छात्रावासों में सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने और उसी आधार पर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

**कृषि, स्वास्थ्य और जनकल्याण पर विशेष फोकस:** कृषि विभाग को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को सांप काटने की दवाओं और इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

**बैंकिंग और सामाजिक योजनाओं को तेजी से लागू करने के निर्देश**

एलडीएम को समस्त पंचायत भवनों में शिविर लगाकर जनधन, अटल पेंशन और बीमा योजनाओं के तहत ई-केवाईसी कराने और नए खाते खोलने के निर्देश दिए गए। गौशालाओं और ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा गौशालाओं को मिलने वाली अनुदान राशि बढ़ाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। वहीं ग्रामीण आजीविका मिशन में खरीदी गई सामग्री की जांच रिपोर्ट में देरी पर समिति को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

**न्यायिक प्रकरणों और भ्रष्टाचार जांच में लापरवाही पर चेतावनी**

विभागीय न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत करने और डिण्डौरी-अमरकंटक सड़क निर्माण में लापरवाही पर संबंधित एजेंसी से जवाब मांगने के निर्देश दिए गए। जनजातीय कार्य विभाग की भ्रष्टाचार जांच में देरी पर समिति के सदस्यों को नोटिस देने के निर्देश भी दिए गए।

**संयोजन और समाधान पर जोर**

बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को विभागीय समन्वय से समस्याओं का समाधान करने और जनहित

# बलात्कार के आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

डिण्डौरी।

महिला पुलिस थाना डिंडौरी द्वारा दर्ज एक गंभीर प्रकरण में जिला एवं सत्र न्यायालय डिंडौरी ने कठोर फैसला सुनाते हुए बलात्कार के आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 5000 अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अतिरिक्त 6 माह का कारावास भुगतना होगा। प्रकरण के संबंध में मीडिया सेल प्रभारी एवं अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी बालचंद्र धुर्वे पिता जयसिंह, निवासी फुलवाही ददरा टोला चौकी बिछिया थाना शहपुरा, जिला डिंडौरी पर थाना महिला पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 42/2023 अंतर्गत धारा 376(1) भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### घटना का विवरण

प्रार्थिया, ग्राम फुलवाही निवासी महिला, जो घरेलू एवं किसानी कार्य करती है, ने बताया कि 2 सितंबर 2023 की शाम लगभग 5 बजे वह शौच के लिए बेढा जंगल की ओर गई थी। लौटते समय जब वह अपने खेत के पास पहुँची, तभी गाँव के ही युवक बालचंद्र ने उसे जबरन पकड़कर जंगल के भीतर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। घर लौटकर पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी और अगले दिन पति के साथ थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत ठोस तर्कों एवं साक्ष्यों से सहमत होते हुए माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश डिण्डौरी ने आरोपी बालचंद्र धुर्वे को दोषी करार दिया और उसे 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 के अर्थदंड से दंडित किया।यह निर्णय पीड़ित महिला को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है और समाज को यह स्पष्ट संदेश देता है कि ऐसे अपराधों पर कानून सख्ती से कार्यवाही करता है।

## बी निःस्वार्थ क्लब की महिलाओं ने किया योग

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर प वी निस्वार्थ क्लब की किरन गोयनका के द्वारा अपने निवास पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। योगाभ्यास योग शिक्षक शबनम सिंह के द्वारा करवाया गया। वी निस्वार्थ क्लब की किरन गोयनका ने बताया कि योग सिर्फ हमारे व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए ही लाभदायक नहीं है, बल्कि यह पूरी पृथ्वी के स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाता है।

**आधी अधूरी सड़क निर्माण बना परेशानी का सबब**

# कीचड़ पानी से होकर बच्चे पहुंच रहे स्कूल

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर पालिका के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले में आम जन की सुविधा को देखते हुए सीसी सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से करवाया जा रहा है लेकिन ठेकेदार के द्वारा नगर पालिका के नगर पालिका के कराई जा रहे हैं विकास कार्यों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। ठेकेदार के द्वारा आंधी अधूरी सड़क का निर्माण कार्य करते हुए छोड दिया गया जिसके कारण मोहल्ले के बच्चे बारिश के मौसम में कीचड़ पानी से होकर पढ़ाई करने स्कूल जाने को मजबूर हो रहे हैं। बताया जाता है कि नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 में कल्याणपुर स्कूल से नारेंद्र बसोर के घर के पास तक नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से सीसी सड़क बनाए जाने का ठेका दिया गया है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा गर्मी के मौसम में सी सी सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया था और ठेकेदार के द्वारा आंधी अधूरी सड़क का निर्माण कार्य करते हुए निर्माण कार्य को बंद कर दिया गया। मोहल्ले वासियों के द्वारा अधूरी सड़क निर्माण कार्य को पूरा करवाये जाने के लिए नपा के अधिकारियों को जानकारी भी दी गई। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि बारिश का मौसम शुरू हो गया है और बच्चे भी



स्कूल जाना शुरू कर दिए हैं। आधी अधूरी सड़क निर्माण के कारण कच्ची सड़क में बारिश का पानी भर जाने के कारण कीचड़ हो जाता है जिसके कारण बच्चों को स्कूल आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है कई बार तो जहरीले कीड़े काटने का डर भी बच्चों में बना रहता है। ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा मोहल्ले वासी भुगत रहे हैं। मोहल्ले वालों ने नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ से अधूरी सीसी सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से पूरा करायें जाने की मांग की है। मोहल्लेवासी जुगनू बसोर का कहना है कि नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से हमारे मोहल्ले में सीसी सड़क का निर्माण कार्य आधी अधूरी करवाया गया है साथ ही ठेकेदार के द्वारा सड़क की गुणवत्ता का भी ध्यान नहीं दिया गया है। हमारे घरों के बच्चे गंदगी एवं कीचड़ से होकर पढ़ाई करने स्कूल जाते हैं। मोहल्ले के नीरज बंसल ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा मोहल्ले में सीसी सड़क का निर्माण कार्य अधूरा करते हुए छोड़ दिया गया है हमारे घरों के छोटे-छोटे बच्चे पढ़ाई करने कल्याणपुरी स्कूल जाते हैं जो कीचड़ एवं सड़क पर गड्ढे मे भरे पानी से होकर आना-जाना कर रहे हैं जिसके कारण हमें बच्चों को स्कूल भेजने में परेशानी का सामना करना पड़ता है हम लोगों को हमेशा यह डर बना रहता है कि कहीं कोई जहरीला कीड़ा हमारे बच्चों को काट न दे। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष से अधूरी पड़ी सीसी सड़क का निर्माण कार्य पूरा करवाए जाने की मांग की है।

## जान से मारने की नियत से वाहन से टक्कर मारने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि
Date 20 Jun 2025
समय और शराब पर पाबंदी लगाने के मंत्री ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

*15 जून की रात थाना कोतमा क्षेत्रांतर्गत NH-43 शुक्ला ढ़ाबा कोतमा के बाहर बैठकर खाना खा रहे कोतमा नगर के युवकों से कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विवाद कर जानबूझकर अमन नामदेव नामक युवक को जान से मारने की नियत से सफेद कलर की बिना नम्बर की बोलेरो वाहन से टक्कर मार दिये थे। बोलेरो गाडी की टक्कर व घसीटने से अमन नामदेव को पूरे शरीर मे कई जगह चोटे आई थी।*

उक्त घटना पर 15 जून को थाना कोतमा में धारा 296,109 BNS का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। दौरान विवेचना अज्ञात व्यक्तियों की पहचान संदीप साहू पिता पीथल दास साहू निवासी बहेरहा थाना गोहपारू जिला शहड़ोल, कुलदीप यादव पिता रामसुमन यादव निवासी ग्राम तगावर थाना ब्यौहारी जिला शहड़ोल हाल वार्ड क्र. 17 शहडोल, शिवम सिंह पिता शिवनाथ सिंह उइके निवासी ग्राम बसनगरी थाना जहसिंहनगर जिला शहड़ोल के रूप में हुए जिनको थाना कोतमा पुलिस द्वारा 24 घण्टो की भीतर पता तलाश कर गिरफ्तार कर लिया गया था। मामले का मुख्य आरोपी बोलेरो का चालक सोनू उर्फ सतीश मिश्रा नि. शहडोल घटना दिनांक से फरार था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास जारी थे। कोतमा पुलिस टीम निरन्तर छापे मारी एवं दबिश देकर आरोपी की पता तलाश कर रही थी। 22 जून को रात्रि में आरोपी सोनू उर्फ सतीश मिश्रा पिता शिवबिहारी मिश्रा निवासी शहड़ोल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से आरोपी का जेल वारंट बनने पर जिला जेल अनूपपुर दाखिल किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी मे निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल के साथ सउनि सुखीनंद यादव, प्र.आर. रामपाल पटेल, आर. जीतेन्द्र मंडलोई व शुभम तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा ने अर्पित की पुष्पांजलि

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून को भाजपा कार्यालय अनूपपुर मे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम सहित पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे महानायक थे जो आजादी के पहले और बाद की विभीषिका को भांप लिया था। डॉ.



श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आजादी से पहले अंग्रेजों के बंगभंग करने की साजिश को भांपकर आंदोलन चला दिया था। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि देश के लिए अपना बलिदान देने वाले ऐसे सपूत को श्रद्धांजलि देने हम यहां एकत्रित हुए हैं जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित पुजारी थे। जिले भर में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय इतिहास की एक ऐसी महान विभूति थे, जिनका जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और दृढ़ संकल्प का प्रतीक रहा है। वे केवल एक राजनीतिज्ञ ही नहीं, बल्कि एक विचारक, शिक्षाविद् और देशभक्त भी थे, जिनके संकल्प आज भी हमारे लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। आज ऐसे सपूत को श्रद्धांजलि देने हम यहां एकत्रित हुए हैं जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी।

## पवित्र नगरी अमरकंटक में 7 दिनी गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट शाखा बिलासपुर के तत्वाधान में 7 जुलाई आसान शुक्ल द्वादशी अनुराधा नक्षत्र से 13 जुलाई 25 दिन रविवार श्रावण मास कृष्ण पक्ष तृतीया श्रवण नक्षत्र सात दिवसीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य एवं विशाल आयोजन मेला मैदान es भक्त श्रद्धालुओं द्वारा धर्म मय आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर शिव महापुराण की कथा परम पूज्य सदगुरुदेव भगवान श्री चिन्मयानंद बापू जी के पावन सानिध्य मे आयोजित होना है। अगाध भक्ति, अपार श्रद्धा और अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव का लाभ गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर शिष्यों एवं भक्तों को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस पावन पुनीत अवसर पर 10 जुलाई 25 दिन गुरुवार पू.षा. नक्षत्र गुरु पूर्णिमा के दिवस सदगुरुदेव भगवान की चरण पादुका पूजन एवं शिव महापुराण कथा का दिव्या एवं भव्य आयोजन संपन्न होगा। जो भी भक्त श्रद्धालुगण इस विशाल एवं भव्य आयोजन में शामिल होना चाहते हैं वह विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट हरिद्वार उत्तराखंड एवं शाखा बिलासपुर से आवश्यक जानकारी लेकर संपर्क स्थापित कर सकते हैं। बताया गया है कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर परम पूज्य संत सदगुरु देव भगवान स्वामी चिन्मयानंद बापू के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश दिल्ली उत्तराखंड से हजारों की संख्या में भक्त श्रद्धालु उनके परम शिष्य शामिल होंगे।

## उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिवस पर सेवा कार्यों के साथ मनाया जाएगा सेवा दिवस

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के शिरोमणि संरक्षक आदरणीय उमाशंकर गुप्ता का जन्मदिवस 24 जून को जिले में सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर सामाजिक सेवा के तहत प्रातःकालीन वृक्षारोपण एवं शासकीय कल्याण वृद्धाश्रम, ग्राम सीतापुर में फल वितरण जैसे सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे। दोपहर 3 बजे से राधा पैलेस, अनूपपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं केक काटकर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के सभी प्रदेश पदाधिकारी, संभागीय पदाधिकारी, महिला इकाई, युवा इकाई, मुख्य जिला इकाई के पदाधिकारियों सहित तहसील अध्यक्ष एवं प्रभारी सादर आमंत्रित हैं। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी आधाराम वैश्य, जिला अध्यक्ष हरिओम ताम्रकार 'राजा', कार्यकारी अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, महिला इकाई अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, युवा इकाई अध्यक्ष शिव सराफ एवं कार्यकारी अध्यक्ष जूही गुप्ता ने सभी वैश्य समाज बंधुओं से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### मां के हत्यारे को आजीवन कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश नरसिंहपुर आलोक मिश्रा के न्यायालय द्वारा मां के हत्यारे विजय राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी गया दत्त वार्ड, गल्ला मंडी रोड थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर को धारा-103(1) भा.न्या.सं के अंतर्गत आजीवन कारावास तथा 1,000- (एक हजार) रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### मंडी में किसानों ने किया प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सोमवार को किसानों द्वारा मंडी मे प्रदर्शन किया गया। जिसे तहसीलदार एवं एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद शांत कराया गया। किसानों की मांग है कि मंडी में किसानों द्वारा लाई जा रही मूंग को व्यापारियों द्वारा कम दाम मे खरीदा जा रहा है। वही जिले की अन्य मंडियों मे तथा नरसिंहपु मंडी मे काफी अंतर है जिससे किसानों को नुकासन हो रहा है जिसे लेकर किसानों द्वारा प्रदर्शन किया गया। उक्त मौके पर देवेन्द्र पाठ, कजबिहारी यादव सहित बड़ी संख्या मे किसान मौजूद रहे।

### योग शिक्षक द्वारा कराया गया योग



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन आयुष मंत्रालय (भारत सरकार) के संभाग प्रभारी योग शिक्षक देवेन्द्र पटेल ने योग की क्रियाओं के विषय में जानकारी प्रदान की, वर्तमान में हृदय गति का रुकना, हृदय को स्वस्थ रखने, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, कमर दर्द, साइटिका को योग व्याम से स्वास्थ लाभ की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। उपस्थित जनों ने योग की चलन क्रियाएं योगासन, प्राणायाम, ध्यान योग, ताड़ासन, आसान, अर्ध चक्रासन, सलभासन, दंडासन, भद्रासन, मंडूक आसन, से समस्त योग साधक लाभार्थी हुए।

### कांग्रेस का संविधान सत्याग्रह आज से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्वालियर उच्च न्यायालय ने बाबा साहेब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय संविधान सत्याग्रह चलाने का निर्णय लिया गया है। संविधान सत्याग्रह कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 24 जून 2025 को शाम 5 बजे बरघाट नाका टैगोर वार्ड जाकर स्थानीय लोगो से बाबा साहेब की प्रतिमा नही लगने देने पर चर्चा की जाऐगी, साथ ही उनके साथ भोजन किया जाएगा।

### पुलिस ने पकड़ी 55 लीटर अवैध कच्ची शराब

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के आदेशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक सिवनी डी शर्मा के निर्देशन मे तथा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन मे थाना पुलिस स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही कर विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली की बंजारी मंदिर के आगे नागनदेवरी रोड मोड के पास दो व्यक्ति एक मोटर साईकिल में अगल बगल तीन कुप्पी एवं एक कुप्पी बीच में रखे खडे हैं जो हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब हैं। पुलिस टीम के शराब रेड कार्यवाही हेतु हमराह स्टाफ व गवाहान को लेकर गये जहां पर खड़े दो व्यक्ति दिखे जो पुलिस को देखकर मोटर साईकिल चालूकर भागने लगे जिन्हे हिकमतअमली से मोड पर रोककर पूछताछ किया जो मोटर साईकिल चलाने वाले ने अपना नाम बबलू उर्फ दुर्गेश पिता मुन्नालाल यादव उम्र 31 साल निवासी नागनदेवरी एवं उसके पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रीझन पिता गजई इनवाती उम्र 45 साल निवासी नागनदेवरी थाना धूमा का होना बताया। जो समक्ष गवाहान तलाशी लेने पर मोटर साईकिल में पीछे बैठा व्यक्ति बीच में एक प्लास्टिक की बोरी में हाथ भट्टी की कच्ची शराब कुल 55 लीटर कीमती करीबन 5,500/- रुपये हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब मिली।

# बरसात के दौरान पानी का जमाव न हो







**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सभी नगरीय निकायों और जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि बारिश के मौसम में बेसमेंट में जल का भराव नहीं हो। अस्पतालों के आसपास साफ- सफाई पर्याप्त हो। बरसात के दौरान पानी का जमाव नहीं होना चाहिये। पानी की निकासी और आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें। बिल्डिंग व दीवार गिरने की दुर्घटना होने पर तत्काल कार्यवाही की जाये और इसकी सूचना तत्काल दी जाये। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती पटले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, एसडीएम और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

कलेक्टर ने माह मई 2025 में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने में जिले को मध्यप्रदेश में द्वितीय समूह ए ग्रेडिंग प्राप्त होने पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने टीएल पत्रों की समीक्षा के दौरान टीएल पत्रों के लंबित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में किया जाये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिन विभागों ने ई- फाइल में एक भी फाइल पुट अप नही की है, उनका वेतन नही निकाला जाये। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को नेशनल लोक अदालत में कोर्ट फीस माफी के प्रकरण आते हैं, तो 15 दिन में निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस पर ध्यान दें कि गैस रिफलिंग निर्धारित स्थान पर ही हो। कबाड़ी गोदामों की जांच की जावे। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि फटाखों का अवैध स्टॉक व बारुद का भंडारण नही हो।

### परिवहन अधिकारी को दिए निर्देश

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिला परिवहन अधिकारी और एसडीएम स्कूल एवं अन्य बसों का औचक निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान बसों का इंश्योरेंस, रजिस्ट्रेशन, पीयूसी, बस चालक का ड्राईविंग लायसेंस आदि का अवलोकन करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिले में समय- समय पर झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करें। आयुष्मान पैकेज वाले अस्पतालों की लिस्ट अस्पताल के बाहर चस्पा करें। सभी नगरपालिका अधिकारी समय- समय पर पर्याप्त साफ- सफाई कर कचरे को उठाये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सभी जनपदों के सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ समग्र व खाद्यान्न ई-केवायसी पर ध्यान दें। आदिवासी गांवों में जिन पात्र परिवार के सदस्यों के नाम पात्रता पर्ची में शामिल नहीं है, उन व्यक्तियों के नाम पात्रता पर्ची में जोड़े।

### आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज की समीक्षा

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं जिले की सभी शासकीय आईटीआई के प्रवेशों एवं ट्रेडों की समीक्षा की। प्राचार्य आईटीआई ने बताया कि जिले की समस्त शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2025 में संचालित व्यवसायों की कुल 260 सीटों के लिये पोर्टल पर पंजीयन के साथ च्वाईस फिलिंग का 312 प्रतिशत हो चुका है। कुल सीटों में महिलाओं की 35 प्रशिक्षण आरक्षण के साथ 266 सीटों के विरूद्ध 151 प्रतिशत महिलाओं का है। प्रवेश सत्र 2025 में प्रवेश लेने के लिये 23 जून को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रथम चयनित सूची जारी हो चुकी है। इसी तरह प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025- 26 में प्रथम वर्ष में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन, कम्प्यूटर साइंस एवं मोडर्न ऑफिस मैनेजमेंट के लिये प्रथम वर्ष टीएफडब्ल्यू व ईडब्ल्यूएस को छोड़कर 180 सीटें निर्धारित है। इनमें प्रथम चरण में 67 प्रवेशित विद्यार्थी द्वितीय चरण में संस्था से किये गये रजिस्ट्रेशन च्वाइस फीलिंग के लिये प्रवेश 26 जून से किया जायेगा। इसमें आवंटन प्राप्त होने पर कुल 47 विद्यार्थियों का प्रवेश किया जाना है। कॉलेज लेबल काउंसलिंग-सीएलसी में अब तक 20 विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। कॉलेज लेबल काउंसलिंग 14 अगस्त 2025 तक जारी है इसमें शत- प्रतिशत प्रवेश का प्रयास किया जा रहा है।

# महाराज श्री के चातुर्मास को लेकर बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** द्वारका शारदा पीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान वि.सं. 2082 आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा से भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा 10 जुलाई से 7 सितम्बर तक परमहंसी गंगा आश्रम में होगा। इसे लेकर नरसिंहपुर जिले के वासियों में भारी उत्साह है। श्रीद्वारकाधीश एवं भगवान चन्द्रमौलीश्वर, माँ जगदम्बा की अहैतुकी कृपा से पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज श्री का चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान पीठद्वयाधीश्वर ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराजश्री की पावन तपस्थली परमहंसी गंगा आश्रम, झोंतेश्वर में दिनांक 10 जुलाई से 7 सितम्बर 2025 तदनुसार आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा से भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा पर्यन्त संपन्न होने जा रहा है। शंकराचार्य जी के चातुर्मास में अपना योगदान देने और सहभागी बनने के लिए विभिन्न संगठनों,सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक तुलसी मानस भवन में संपन्न हुई। जिसमें सभी ने अपना योगदान देने की बात की। इस अवसर पर ब्रह्मचारी स्वामी अचलानंद महाराज ने बताया कि पूज्य शंकराचार्य महाराज श्री का दिव्य दर्शन, सत्संग एवं पावन सानिध्य प्राप्त कर कल्याणकारी पुण्य फल के भागी बनें। जो मनुष्य संन्यासियों का चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान आयोजित करता है एवं उसमें तन-मन-धन से सम्मिलित होता है वह राजसूय एवं अश्वमेध यज्ञ का फल सहज ही प्राप्त कर लेता है। आपने जानकारी दी कि दिव्य सत्सग प्रति शनिवार एवं रविवार सायं 5 से 7, प्रवचन स्थल रू गङ्गा कुण्ड, परमहंसी गंगा आश्रम में होगा। प्रतिदिन प्रातः 7 से 9 बजे तक भगवान श्री चंद्रमोलेश्वर जी का रुद्राभिषेक, प्रातः 10 से 11.30 बजे तक श्रीमद्भगवद्गीता शांकरभाष्य स्वाध्याय, स्थल समाधि मन्दिर, समाधिस्थल संग्रहालय, 10 जुलाई गुरु व्यास पूजा चातुर्मास प्रारंभ, 9 अगस्त संस्कृत दिवस श्रावणी उपाकर्म , 11 अगस्त सोमवार स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज श्री का पावन जन्मोत्सव , 16 अगस्त श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 26 अगस्त शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री का पावन प्राकट्योत्सव, 6 सितम्बर अनंत चतुर्थी उत्सव, 7 सितम्बर चातुर्मास व्रत समाप्ति आदि विशिष्ट आयोजन रहेंगे। बैठक में पंडित मैथिली तिवारी, सुनील जायसवाल, व्यास रामस्वरूप शर्मा , आनंद तिवारी , अरविंद मिश्रा, सोहन तिवारी, अंकित अवस्थी, सचिन अवस्थी , हरिहर नाथ चैबे गोविंद दुबे, भूपेंद्र तिवारी, डॉ संजीव चांदोकर, एसके चतुर्वेदी, सुधीर लूनावत, नीलेश जाट, देवेंद्र पाठक, अर्चना राय के अलावा अनेक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि हम सब नरसिंहपुर जिले वासियों का सौभाग्य की शंकराचार्य महाराज श्री हमारे जिले के हैं और उनका चातुर्मास पर मानसी गंगा आश्रम में हो रहा है आवश्यकता है कि हम सब लोग छात्र मास में सहयोग करें और वहां की सेवा कार्यों में अपनी सेवाएं दें। इससे न केवल नरसिंहपुर जिले वासियों की सहभागिता होगी वरन हम सबको पुण्य लाभ भी अर्जित होगा। बैठक का संचालन विजय आजाद, आभार प्रदर्शन सुनील जायसवाल ने किया।



# काया द्वारा तीन दिवसीय बाल योग शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** काया जनकल्याण समिति की सक्रिय सदस्य शिवांगी साहू ने तिलक वार्ड में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय निशुल्क बाल योग शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में लगभग 50 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया और योग के विभिन्न आसनों व प्राणायाम का अभ्यास करते हुए इसके लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हुआ। योग आसनों के माध्यम से बच्चों ने अपने शरीर को लचीला और मजबूत बनाने का अनुभव किया। प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से बच्चों ने अपने मन को शांत और केंद्रित करने का तरीका सीखा। शिविर में बच्चों को स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। काया योग एंड जूम्बा फिटनेस सेंटर की संचालकों सुश्री इंदु सिंह एवं नमिता जनोरिया आदि उपस्थि रही।

### चातुर्मास आयोजन संबंधी बैठक आज

**तेंदूखेड़ा** पश्चिमामनाय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य भगवान श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में चातुर्मास किया जाना सुनिश्चित हुआ है । इस कार्यक्रम की रूपरेखा से संबंधित एक बैठक का आयोजन महाराज श्री के प्रतिनिधि ब्रह्मचारी अचलानंद महाराज के सानिध्य में हनुमान मंदिर दादा दरबार तेन्दूखेड़ा में आज 24 जून मंगलवार को शाम 5 बजे आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है।जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज शिष्य मंडल ने सभी सनातन प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।



# युवा कांग्रेस चुनाव तिथि घोषित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस चुनाव के संबंध में सदस्यता और मतदान अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में सदस्यता एवं चुनाव प्रभारी जगदीश बोगा ने बताया कि मध्यप्रदेश में यह चुनाव अभियान 20 जून से 19 जुलाई 2025 तक चलेगा। सदस्यता शुल्क 50 रुपए भुगतान की अंतिम तिथि 21 जुलाई तक निर्धारित की गई है। भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण के जगदीश नेता ने बताया कि मध्यप्रदेश में पूरे 1 महीने के दौरान सदस्यता अभियान में सदस्यता और मतदान ऑनलाइन किया जा सकेगा। चुनाव प्राधिकरण के सदस्य ने बताया कि ब्लॉक कमेटी, विधानसभा कमेटी, जिला महासचिव, जिला अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया जाएगा। सदस्यता और मतदान में मध्यप्रदेश के 18 से 35 वर्ष तक के सभी पात्र युवक-युवतियां इस प्रक्रिया में भाग लें।

# पेंशनर्स समाज ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मप्र पेंशनर समाज एवं म प्र विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन नरसिंहपुर द्वारा पेंशन साथियों की लंबित मांगों का ज्ञापन एस, के, चतुर्वेदी प्रांतीय अध्यक्ष म प्र पेंशनर्स समाज, बी शिवकुमार पटेल अध्यक्ष म प्र पेंशनर्स समाज, विजय दुबे जिला सचिव, भवानी शर्मा जिला कोषाध्यक्ष, बी, एस, पटेल अध्यक्ष म प्र विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन, जी, के, चतुर्वेदी, सुभाष दुबे एस, के, कुर्मी, जे, के, सोनी, बी, आर, सिंह, ए, के, खरे, संतोष शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री को संबोधित जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा गया। इसमें प्रमुख रूप से आठवें वेतनमान का लाभ पूर्व की भांति सभी पेंशनर को मिले, केन्द्र सरकार के समान राज्य शासन के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को देय तिथि से महंगाई राहत एरियर्स सहित भुगतान करने, राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को विलोपित करने, छठवें वेतनमान का 32 माह एवं सातवें वेतनमान का 27 माह का लंबित एरियर्स भुगतान करने, पेंशनर को 79 वर्ष पूर्ण कर 80 वर्ष की उम्र में प्रारंभ होने से 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भुगतान करने,30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त पेंशनर को समान रूप से एक वेतन वृद्धि का लाभ बिना न्यायालय की शरण लिए प्रदान करने,65 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर 5 प्रतिशत 70 वर्ष पर 10 प्रतिशत,75 वर्ष पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भुगतान करने, विद्युत मंडल पेंशनर को एस्को गारंटी प्रदान करने, पेंशन सारणशीकरण कटौती 10 वर्ष 8 माह करने आयुष्मान योजना का लाभ सभी पेंशनर को प्रदान करने, सेवा निवृति आयु में एक रुपता करने, जिला पेंशन कार्यालय के केंद्रीयकरण नहीं करने, पेंशनर को पूर्व की भांति रेल्वे में छूट प्रदान करने, सभी जिला एवं तहसील मुख्यालय पर डे केयर सेंटर संचालित करने आदि मांगे शामिल हैं।



# मनाया गया श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा के पितृ पुरुष श्यामप्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी, दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई कार्यक्रम के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मप्र सरकार के पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी ही नहीं, एक महान शिक्षाविद, देशभक्त, राजनेता, सांसद, अदम्य साहस के धनी और सहृदय और मानवतावादी थे। भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता था। वे सम्पूर्ण भारत को एक रूप मानते थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में मंच पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोडिया, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश प्रताप सिंह , पूर्व नपा अध्यक्ष संध्या कोठारी मंचस्थ रहे ,कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ हरगोविंद पटेल ने एवं आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष राहुल सिंह कौरव ने किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी, मोर्चा,प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष , महामंत्री सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# पंजीयन केंद्रों पर नहीं हो रहे पंजीयन, भटक रहे किसान

**तेंदूखेड़ा** किसानों ने आंदोलनों ज्ञापनों के माध्यम से जैसे तैसे बड़ी मशक्कत के बाद मूंग और उड़द फसल का पंजीयन कराने में सफल हो पाये लेकिन उनके सामने फिर एक समस्या आ खड़ी हुई है जिसे लेकर किसान परेशान देखा जा रहा है।19 जून से मूंग उड़द के पंजीयन का ऐलान हो गया है। लेकिन कुछ पंजीयन केंद्रों पर पंजीयन ना होने की स्थिति में किसान परेशान होता देखा जा रहा है। ग्राम खमरिया बिल्गुआं बिजोरा रम्पुरा बिल्थारी क्षेत्र के किसानों का कहना है कि पोर्टल पर फसल शो नहीं होने के कारण यह समस्या बनीं हुई है। परेशान किसान पटवारियों को फोन के माध्यम से चर्चा करके वस्तुस्थिति जानने फोन भी लगातें है तो उनके फोन रिसीव ना होने के कारण किसान अपने आप में असहाय परेशान महसूस कर रहा है। इसमें सबसे बड़ी विसंगति यह बनीं हुई है कि गिरदावरी अपडेट नहीं हुई है इस कारण से कुछ केंद्रों पर यह समस्या चल रही है। चूंकि कुछ जानकार लोगों का कहना है कि 25 तारीख तक अपडेशन का काम चल रहा है।25 जून के बाद ही पंजीयन हो पायेंगे। चूंकि किसान वर्तमान समय में खरीफ मौसम की फसल बुबाई खाद डालनें के साथ विभिन्न कृषि कार्यों में फंसा हुआ है और ऐसे समय में पंजीयन एक बड़ी समस्या बना हुआ है। इस संबंध में हमारे प्रतिनिधि ने तेंदूखेड़ा तहसीलदार रोहित सिंह राजपूत से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि कुछ केंद्रों पर गिरदावरी अपडेट की समस्या आ रही है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से जानकारी दी गई है।एक बार फिर से कलेक्टर को अवगत करा कर आवश्यक मार्गदर्शन लेकर निराकरण करवातें है।

# बरसात के दौरान विद्युत संबंधित हादसों से बचने विभाग ने साझा की जानकारी

**तेंदूखेड़ा** बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे समय में विभिन्न प्रकार की करंट लगने या अन्य कारणों से घटनाएं दुर्घटनायें अक्सर कर देखने को मिला करती है।बिजली जनित हादसों से बचने के लिए विद्युत अधिकारियों ने सावधानियां बरतनें आवश्यक जानकारी साझा की है। जिनमें बिजली के खंभों को छूने से बचने दूर रहने मवेशियों को ना बांधने बिजली लाइनों के नीचे कार्यक्रम आयोजित ना करने नए भवनों से बिजली लाइनों की उचित दूरी बनाने खेतों की मेड़ पर बिजली खंभा लगा है तो कुछ दूरी रख कर ही जुताई करने बिजली खंभे से यदि स्पार्किंग हो रही हैं तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज संबंधित सब स्टेशन पर सूचना देने तेज स्पार्क हो रहा हो और आस पास पानी भरा हुआ है तो उस रास्ते से या पानी में जाने से बचे व दूसरों को भी सावधान करें। बिजली के तार किसी पेड़ के निकट से गुजर रहे हो तो किसी भी स्थिति में उस पर चढ़ने से बचें ट्रांसफार्मर लाईनों पर बम्बू से या किसी वस्तु से कुंडी नहीं डालें हेवी लाइनों पर रिसाव होने से बड़ा हादसा हो सकता है। बड़े ऊंचाई वाले वाहन की छत पर बैठकर हाई-टेंशन लाइन के नीचे से ना निकलें । बारिश की वजह से कोई लाइन ढीली पड़ गई हो या सड़क के उपर से नीची हो तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज या फिर सब स्टेशन पर सूचना देवें ताकि समय पर सुधार हो सके।बिजली खंभों को चार दिवारी या बाउंड्रीवाल में अतिक्रमण ना करें हादसा होने पर भारी नुकसान हो सकता है। घर में विद्युत उपकरण अच्छी क्वालिटी के ही उपयोग करें । बिजली फिटिंग में अर्थिंग जरूर कराएं व अपने उपकरण को उससे जोड़े रखें सभी स्विच एमसीबी इएलसीबी उच्च कोटि की काम में लावे और लगायें। बगैर जानकारी के किसी भी उपकरण को छुने या खोलने से बचे।कोई व्यक्ति बिजली के संरक्षण में हो तो तुरंत उसे बचाने के लिए सबसे पहले अपने आपको किसी सुखी जगह पर होना सुनिश्चित करें फिर अपने जूते जो भीगे ना हो कोई भी धातु लगे ना हो वह पहने फिर किसी इंसुलेटेड डंडे प्लास्टिक लकड़ी जो सुखा हो से व्यक्ति को छुड़ाने का प्रयास करें। घर के अंदर की समस्या हो तो तुरंत मेन स्विच ऑफ करे ।करेंट लगने की स्थिति में व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल लें जाए। अधिकारियों का कहना है कि मानव जीवन महत्वपूर्ण है। सुरक्षा बहुत जरूरी है।जब घटना दुर्घटनायें घटित हुआ करती है तब तरह-तरह की चर्चायें और विषय सामने आते हैं लेकिन जीवन वापिस नहीं आता। इसलिए सुरक्षा बहुत जरूरी है।